आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 नवम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी के तहत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन पिछले 10 साल में 10 करोड़ टन बढ़ा है।

कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारत ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 300 एंड 57 मिलियन टन, 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। चौथे काशी तमिल संगमम की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के काशी–तमिल संगमम का विषय बहुत ही रोचक हैः तमिल सीखें – तमिल कराकलम।

काशी के लोगों से जब भी बात होती है, तो वो हमेशा बताते हैं कि काशी–तमिल संगमम का हिस्सा बनना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। यहाँ उन्हें कुछ नया सीखने और नए–नए लोगों से मिलने का अवसर मिलता है। इस बार भी काशीवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई–बहनों का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिन में क्रिसमस और नए वर्ष पर खरीदारी का नया दौर शुरू होने वाला है। वोकल फोर लोकल का मंत्र याद रखें, खरीदे वही जो देश में बना हो, बेचें वही जिसमें किसी देशवासी की मेहनत लगी हो।

****

निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समयसीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब 11 दिसंबर तक फार्म वितरित किए जा सकेंगे। पहले यह समयसीमा 4 दिसंबर थी। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। इस समय उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुदुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है।

****

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरने और उसे डिजिटाइज करने का सिलसिला प्रदेश भर में जारी है।

इसे लेकर प्रदेश के सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की ओर से मतदाताओं से अपील की जा रही है कि वे अपने गणना प्रपत्र समय से भर कर जमा कर दें। इस क्रम में आज गौतम बुद्ध नगर जिले में प्रत्येक बूथ पर व्यापक अभियान चलाया गया।

****

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की।

बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नेताओं ने सकारात्मक माहौल में चर्चा की।

मैं सरकार की तरफ से आश्वासन देता हूं के विंटर सेशन ऑफ द पार्लियामेंट अच्छी तरह से चलाने के लिए हम इस तरीके से विपक्ष के साथ बातचीत करते रहेंगे। साथ–साथ में विपक्ष पार्टी नेताओं से भी अनुरोध करूंगा कि पार्लियामेंट को अच्छी तरह से चलाने में सहयोग करें।

संसद का सत्र कल से शुरू होगा और 19 दिसम्बर तक चलेगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के कोने–कोने से आए 200 से अधिक लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित जन समस्याओं को तत्काल दूर कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****

वाराणसी में होने वाले काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस क्रम में आज तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक एकता के संदेश के साथ 'रन फॉर केटीएस 4.0' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जोड़ना और उन्हें राष्ट्र की विविध विरासत के प्रति जागरूक करना है।

****

प्रदेश में कल से शुरू होने जा रही बिजली बिल राहत योजना 2025 से विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने के आसार है। जौनपुर के चीफ इंजीनियर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत बकाया धनराशि को एक मुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक छूट देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले न दबा रहे और राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था भी आर्थिक रूप से सशक्त बनी रहे।

****